प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा छात्रों के लिए तकनीकी व्याख्यान का आयोजन

पंतनगर। 26 मार्च 2025। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के एम.ओ.यू. एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह के तकनीकी व्याख्यान माला अनुमोदन के क्रम मे विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में (बीआईएस) के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों श्री सिनम हडसन सिंह, वैज्ञानिक–डी और श्री वैभव यादव वैज्ञानिक–बी, की ओर से सिविल इंजीनियरिंग के विभिन्न सात–व्याख्यान सत्रः भवन निर्माण सामग्री, मृदा यांत्रिकी और नींव इंजीनियरिंग, कंक्रीट प्रौद्योगिकी, प्रबलित कंक्रीट डिजाइन, स्टील डिजाइन, और जल संसाधन इंजीनियरिंग (जल विज्ञान, बाढ़ नियंत्रण और भूजल पुनर्भरण, सिंचाई इंजीनियरिंग और हाइड्रोलिक संरचनाएं) आदि पर 24–25 मार्च 2025 को तकनीकी व्याख्यान बी.टेक. सिविल इंजीनियरिंग के साथ ही स्नातकोत्तर, पी.एच.डी. एवं अन्य इच्छुक छात्र–छात्राओं के लिए प्रौद्योगिकी महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डा. एस.एस. गुप्ता ने (बीआईएस) उदयपुर की कार्यशाला के अपने अनुभव को साझा किए। उन्होने भविष्य के इंजीनियरों को आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस होकर इंजीनियरिंग प्रथाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मानकीकरण के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम समन्वयक एवं पन्तनगर विश्वविद्यालय में मानकीकरण के चेयर प्रोफेसर डा. एस.बी. सिंह ने मानकीकरण के विभिन्न गतिविधियों के बारे में छात्रों को जानकारी दी, उन्होंने बताया कि छात्रों में मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विभिन्न विषयों में उनके ज्ञान में वृद्धि के लिए बीआईएस द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में एक श्रृंखला के रूप में मानकीकरण से संबंधित व्याख्यान आयोजित किए जाऐंगे। सिविल इंजीनियरिंग के डा. सुबीर कुमार शर्मा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर डा. विनोद कुमार बाल्यान, डा. संदीप गुप्ता, डा. सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सराहना की।



व्याख्यान देते श्री सिनम हडसन सिंह



याख्यान देते श्री वैभव यादव

निदेशक संचार